# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.02.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने 'बस्तर पांडुम' की प्रशंसा की; कहा—अब हिंसा नहीं, विकास है बस्तर की नई पहचान।
- प्रदेश कैबिनेट का बड़ा फैसला: अब अविवाहित और तलाकशुदा बेटियों को भी मिलेगी पेंशन।
- गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर अपराध के खिलाफ राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन ।
  और
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की बजट प्रस्तावों की समीक्षा; 18 फरवरी को विधानसभा में पेश होगा बजट।

प्रधानमंत्री-पांडुम उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में आयोजित बस्तर पांडुम उत्सव ने बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आदिवासी विरासत को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पहले जब बस्तर का नाम लिया जाता था तो माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। आज बस्तर विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जाता है। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास और कर्मचारियों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। निर्णयों की जानकारी देते हुए मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया कि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए नए पेंशन नियम 2026 मंजूर किया गया है, जिसमें परिवार पेंशन के दायरे में अब अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा बेटियों को भी शामिल किया गया है।

श्री कश्यप ने बताया कि कबिनेट ने जनजातीय कल्याण और महिला-बाल विकास की योजनाओं को अगले 5 वर्षों के लिए विस्तार देते हुए 7 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है। इसके साथ ही, 'धरती आबा अभियान' के तहत 63 हजार से अधिक की राशि मंजूर की गयी ।

शाह - साइबर

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब देश की सुरक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में साइबर अपराध को खत्म करने के लिए कई पहल शुरू की हैं। श्री शाह ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र - आई 4सी साइबर अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है।

उच्चतम न्यायालय-लापता बच्चे

उच्चतम न्यायालय ने आज केंद्र सरकार से देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या राज्य-विशिष्ट समूह की मौजूदगी का पता लगाने को कहा है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरतना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि इन घटनाओं के पीछे कोई समानता है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र करने को कहा है। न्यायालय ने सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से पूछा जाना चाहिए कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है। न्यायालय एक गैर सरकारी संगठन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की बढ़ती संख्या को उजागर किया गया था।

लोकसभा-केंद्रीय बजट

लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा प्रारंभ हो गई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बजट की आलोचना करते हुए कहा कि सरकारी खर्च में कमी आई है और कर संग्रह स्थिर रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में कॉरपोरेट जगत की तुलना में व्यक्तिगत करदाताओं पर कर का अधिक बोझ डाला गया है। भाजपा की अपराजिता सारंगी ने कहा कि बजट सरकार की प्रतिबद्धता, दृढ़ विश्वास और निरंतरता को दर्शाता है। उन्होंने मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए सरकार की सराहना की। भाजपा सासंद ने कहा कि भारत ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में समझदारी से आगे बढ़ने की अपनी क्षमताओं को दर्शाया है। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने इस बजट को दिशाहीन बताया है। तो वन्हीं तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को एक लाख 90 हजार करोड़ रुपये की बकाया राशि नहीं मिलने का जिक्र किया।

## मुख्यमंत्री- बजट प्रस्तावों समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में सभी क्षेत्रों और वर्गों के कल्याण का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट 18 फरवरी को विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा दिए गए बजट प्रेजेंटेशन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश की आर्थिक प्रगति का नया आधार बताया। सरकार का लक्ष्य है कि बजट के माध्यम से बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर पैदा किए जाएं।

## शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की आज नई दिल्ली में हुई मुलाकात कृषि क्षेत्र के लिए नई उम्मीदें लेकर आई है। श्री चौहान ने आंध्र प्रदेश को देश की कृषि का पावरहाउस बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय उत्पादन में राज्य का 10 प्रतिशत योगदान है।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नायडू को बधाई दी कि उनका राज्य बागवानी के क्षेत्र में ग्लोबल हब बनने की ओर अग्रसर है। बैठक में यह तय हुआ कि केंद्र की एक विशेषज्ञ टीम सीधे आंध्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की आय दोगुनी करने और नए बजट की योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए काम करेगी।

## शूटिंग चैंपियनशिप -1700

एशियाई राइफल और पिस्टल निशानेबाजी प्रतियोगिता के 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में आकृति दहिया ने रजत पदक जीत लिया है। कजाकिस्तान की सोफिया शुल्ज़ेंको ने स्वर्ण, जबकि अंजुम मौदगिल ने कांस्य पदक जीता।आकृति दहिया, अंजुम मौदगिल और आशी चौकसे की भारतीय जोडी ने टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। कजाकिस्तान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

अब कुछ समाचार संक्षिप्त में

- खंडवा में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 फरवरी को ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए खण्डवा–इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी में भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धालु दुर्गम मार्गों से चौरागढ़ मंदिर शिखर तक पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं।
- मंदसौर में मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद पंचायत परिसर में आज विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
- अशोकनगर में आज आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं को सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए।
- महाशिवरात्रि के अवसर पर बैतूल जिले के रानीपुर स्थित प्राचीन छोटा महादेव मंदिर में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए बैतूल कलेक्टर ने आज मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया।
- केवायसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम की थीम पर वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में आज बैंक ऑफ इंडिया से एक जागरूकता रथ को रवाना किया गया।
- शिवपुरी जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। जिले के 64 परीक्षा केंद्रों पर कुल 15,455 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।
- वही देवास में भी जिले में कक्षा 12वी के करीब 20 हजार छात्रों के लिए 121 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

------------------------